# बारिश में ढहा मकान का छज्जा, दो की मौत

### जनकगंज क्षेत्र के गैंडे वाली सड़क पर हुआ हादसा







**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जुलाई ।** अंचल में हो रही झमाझम बारिश अब लोगों के लिए आफत बनने लगी है, इसी क्रम में तेज बरसात के चलते एक मकान का छज्जा ढह गया, जिसके मलबे में दबने से किशोरी सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार शाम जनकगंज थाना क्षेत्रांतर्गत गैंडे वाली सड़क पर हुआ। जिसकी सूचना पाकर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अफसर फिलहाल मामले की विवेचना में लगे हुए हैं।

मंगलवार शाम हुई दिनभर बरसात के कारण गैंडे बाली सड़क पर स्थित मकान में बने लैटरीन-बाथरूम का छज्जा अचानक ढह गया। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय वहां 15 वर्षीय किशोरी राधा गुर्जर व रितेश गुर्जर (42) के साथ मकान के नीचे खड़े हुए थे, जो मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए। हादसा देख जुटे लोगों ने जैसे-तैसे उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। परन्तु परिवार वालों ने पोस्टमॉटर्म कराने से मना कर दिया।

**सूचना पाकर मंत्री पुत्र व कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे:** इस दर्दनाक हादसे की सूचना पाते ही मप्र शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के बेटे रिपूदमन सिंह तोमर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे, जिन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधया एवं उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

**घर निर्माण के लिए मदद करने की मांग:** घटना से क्षेत्रवासी दहशत में आ गए। वहीं इसकी जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं उन्हें 10- 10 हजार रुपए की त्वरित मदद एवं 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता दिलवाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की हामी भरी है। उधर कांग्रेस नेता सुनील शर्मा द्वारा प्रशासनिक अफसरों से गृह निर्माण के लिए दी जाने वाली आर्थिक मदद भी पीड़ित परिवार को दिए जाने की मांग की और कहा कि शासन प्रसाशन को ऐसे दुर्लभ मकानों को चिन्हित करवाना चाहिए जिससे इस प्रकार की घटना भविष्य में ना घटित हो सके ।

क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल मकान का छज्जे गिरने से उसमें दबकर दो मौतें हो जाने से क्षेत्र में अफरा- तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुटे हुए हैं। चूंकि क्षेत्र में तमाम भवन जर्जर हालत में हैं, लगातार हो रही बरसात ने इन जीर्णशीर्ण मकानों में रहने वाले लोगों को भी दहशत में ला दिया है।

**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण**
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)
INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT | DEVELOPED INDIA MISSION

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: जेएनपीए/पीपीडी/लँड/टी-34/2025, दिनांक 28.07.2025**

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए), नवी मुंबई द्वारा दिनांक **30.07.2025 से 09.09.2025** के दौरान ऐसी अनुभवी और प्रतिष्ठित संस्थाओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जो न्यूनतम पात्रता मापदंड (एमक्यूसी) को पूर्ण करती हों। यह निविदा "एक चरण दो लिफाफा प्रणाली (तकनीकी एवं मूल्य प्रस्ताव) और ई-नीलामी प्रक्रिया" के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है: **"जवाहरलाल नेहरू पोर्ट में तरल भंडारण सुविधाओं के लिए 0.50 हेक्टर (प्लॉट क्र. जी-12) जमीन एवं संपत्ति को, भूमि प्रबंधन नीति 2015 (तथा 10.12.2024 तक बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत) के अनुसार, 30 वर्षों की नई दीर्घकालीन लीज़ पर प्रदान करने हेतु ई-निविदा-सह-ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा।"** निविदा शुल्क ₹23,600/- (जो वापस नहीं किया जाएगा) है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)**

## अतिवर्षा की चेतावनी के चलते आज जिले के सभी स्कूल रहेंगे बंद

ग्वालियर । शहर में लगातार हो रही अति वर्षा एवं अत्यधिक बारिश की चेतावनी (ओरेंज अलर्ट) को ध्यान में रखकर 30 जुलाई को ग्वालियर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में प्ले ग्रुप व पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक बच्चों के लिए अवकाश रखा गया है। इसी तरह जिले की सभी आँगनबाड़ी केन्द्रो में भी बच्चों के लिए छुट्टी रखने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा इस आदेश का पालन कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास को दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों व स्कूल संचालकों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए आदेशित कर दिया है। उन्होंने सभी स्कूलों में पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिये छुट्टी रखने के निर्देश दिए हैं।

# नागपंचमी पर मंदिरों में हुई पूजा, दूध गंगाजल से हुआ अविषेक

### मंदिरों में लगी भक्तों की लंबी-लंबी कतारें
### छत्री में नागदेव मंदिर के बाहर लगा मेला, सेवादारों ने संभाला मोर्चा



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जुलाई ।** नागदेवता की पूजा करने के लिए आज मंगलवार सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिरों में शुभ योग में दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। प्राचीन नागदेवता के मंदिरों में तड़के से ही भक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। लोगों ने मुरार स्थित नागदेवता मंदिर, छत्री स्थित नागदेवता मंदिर और दौलतगंज स्थित मंदिर में पहुंचकर नागदेवता की पूजा की। छत्री बाजार में स्थित प्राचीन नागदेवता के मंदिर में सुबह से ही प्रसाद और दूध बेचने वालों की दुकानें सजी रहीं।

**झूलों का और चाट पकौड़ी का आनंद ले रहे थे बच्चे:** साथ ही यहां पर खिलौने वाले और झूले वालों ने भी मेला लगाया। मंदिर में नाग देवता की पूजा के बाद बच्चों ने झूलों के साथ ठेलो पर चाट का आनंद भी लिया और छत्री स्थित नागदेवता के मंदिर में पहुंचे भक्तों से मंदिर के बाहर से ही फूल और दूध लेकर पुजारियों ने ही नागदेवता को अर्पित किया।

**फोटो टांगकर गली-गली घूमें सपेरे:** मंगलवार को नागपंचमी अमृत योग, सिद्धि योग, साध्य योग और हस्त नक्षत्र में मनाई जा रही है। मदिरों में जहां मूर्ति के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगी जा रही हैं तो वहीं गली-मोहल्लों में घूमने वाले सपेरे नागदेवता की फोटो की पूजा करवाई एवं नागदेवता के साथ-साथ सावन के इस माह में भगवान शिव और मां गौरी की भी पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु अभिषेक कर बिल्वपत्र व धतूरा अर्पित किया । मंदिरों के साथ-साथ घर-घर में नाग देव की पूजा की गई और बामी की पूजा हुई । नागदेवता की पूजा करने से परिवार में खुशहाली व मनचाहा फल की प्राप्ति के लिए कई लोगों ने दान-पुण्य भी किया। सुबह से शहर के प्रसिद्ध प्राचीन तारागंज स्थित नागदेव मंदिर, दौलतगंज रामेश्वरम मंदिर सहित शहर के कई स्थानों पर बने नागमंदिरों में पहुंचकर भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए परिवार की खुशहाली की कामना करते दिखाई दिए ।

**मंदिरों में पुलिस रही सतर्क:** भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर दूध व गंगाजल से नागदेवता का अभिषेक किया। मंदिरों में तड़के 4 बजे से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। भीड़ के चलते पुलिस भी सतर्क बनी रही। मंदिर के आसपास अतिरिक्त बल की व्यवस्था की गई , जिससे भक्तों को दर्शन करने के लिए परेशान नहीं होना पड़े। भक्तों की भीड़ को देखते हुए शहर के सभी मंदिरों पर पुलिस के जवान तैनात हैं। वहीं मंदिरों में सेवाधारियों द्वारा भक्तों की मदद कर उन्हें पूजा और दर्शन करवाए ।

# चीनौर थाना प्रभारी हुए सम्मानित

### चोरी करने वालों को पहुंचाया हवालात, पीड़ित के परिजनों ने किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जुलाई ।** पिछले दिनों हिस्ट्रीशीटर के यहां हुई चोरी के आरोपियों को पुलिस बीते रोज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोपी पकड़ने पर सिख समाज के लोग गत दिवस चीनौर थाने पहुंचे

और वहां थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। परिजनों ने थाना प्रभारी शैलेन्द्र गुर्जर का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त कर कहा कि जिस तरह पुलिस ने कार्रवाई कर चोरी के आरोपियों को पकड़ा है उससे हम लोगों के अंदर जो डर बैठा था वह दूर हो गया। इस मौके पर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि क्षेत्रवासियों को किसी असामाजिक तत्व से डरने की जरूरत नहीं है। कोई परेशानी है तो तुरंत पुलिस के पास आकर जानकारी दें, बदमाशों को सबक सिखाया जाएगा।

## मैथिलीशरण गुप्त सांस्कृतिक साहित्यिक सप्ताह का दूसरा दिन




ग्वालियर। एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी एवम् संरचना समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन आयोजित किया जा रहा है इसी श्रंखला में आज़ एकल नृत्य प्रतियोगिता युगल नृत्य प्रतियोगिता वैस्टर्न कैटेगरी का आयोजन स्थानीय बाल भवन रूपसिंह स्टेडियम के सामने किया गया । इस सम्पूर्ण आयोजन में करीब 87 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

**बैंक ऑफ़ इंडिया**

आंचलिक कार्यालय : भोपाल अंचल
बैंक ऑफ इंडिया भवन जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल

फोन: 0755-2556770, 2555169, ई-मेल: bhopal.assetrecovery@bankofindia.co.in

**चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

ऋणी व जमानतदारोंको विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक / प्रभारित चल सम्पत्ति का बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है। बन्धक सम्म की बिक्री **''जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है, दायित्व रहित''** के आधार पर की जायेगी ।

| ऋणी का नाम | पंजीयन क्रमांक / मेक / मॉडल | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि |
|---|---|---|
| शिन्दे की छावनी शाखा ग्वालियर (म.प्र.) फोन : 0751- 2373578, 7806069666 IFSC Code : BKID0009054 Account to Deposit auction sale Proceeds 905490200000033 | | |
| श्री लक्ष्मी शिवहरे पत्नि श्री उमेश शिवहरे | MP-07 / RA-7714 (Model: 2021) Regn. Date: 22-11-21 Nova Auto E-Rickshaw (Model-NOVASUPREM) Chasis No. MOUNSRBMKEN002461 Engine No. NA1KWNAM2461 | ₹ 40667/- / ₹ 4067/- |
| | MP-07 / RA-7327 (Model: 2021)Regn. Date: 02-09-21 Nova Auto E-Rickshaw (Model-NOVASUPREM) Chasis No. MOUNSRBMBDN001175 Engine No. NA1KWNAM1188 | ₹ 40667/- / ₹ 4067/- |
| | MP-07 / RA-7326 (Model: 2021) Regn. Date: 02-09-21 Nova Auto E-Rickshaw (Model-NOVASUPREM) Chasis No. MOUNSRBMGEN001860 Engine No. NAM001175 | ₹ 40667/- / ₹ 4067/- |

**ईएमडी/दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि-14.08.2025, सुबह 11.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि एवं समय 14.08.2025, सुबह11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक**

**ई-नीलामी की शर्तें :-**
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) वाहन का निरीक्षण दिनांक **12.08.2025** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक **शिन्दे की छावनी शाखा,** शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी। बोली वृद्धि राशि रु. 5000/- रहेगी।
(5) सफल खरीददार को वाहन पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(6) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(7) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।

**स्थान : भोपाल, दिनांक : 29.07.2025** — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

# नागपंचमी पर चौरसिया समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

### चेंबर ऑफ कॉमर्स में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जुलाई ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चौरसिया समाज विकास संघ ग्वालियर ने 30वां चौरसिया दिवस (नागपचंमी महोत्सव) भव्य स्तर पर आयोजित हुआ यह पर्व सम्पूर्ण भारत वर्ष में चौरसिया समाज के कुलदेवता नागदेवता होने के कारण चौरसिया दिवस के नाम से विख्यात है। चौरसिया समाज विकास संघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने बताया कि चौरसिया दिवस महोत्सव 29 जुलाई को स्वजातीय बंधु परस्पर सदभावना एवं सामाजिक प्रेम और सामाजिक एक-जुटता बनाये रखने के उददेश्य से मनाया जाता है इस उपलक्ष में भव्य रैली का आयोजन किया गया इस विशाल पैदल चल समारोह को अ.भा. आदर्श चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय महामंत्र रमेश चौरसिया (ग्वालियर) ने हरीझण्डी देकर प्रारंभ किया तथा इस विशाल पैदल चल समारोह का जगह जगह पुष्प वर्षा, स्वल्पाहार आदि से भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह का नेतृत्व रामप्रकाश चौरसिया, मनोज चौरसिया, मुकेश चौरसिया, महेश चौरसिया आदि के द्वारा किया गया । चैम्बर ऑफ कॉमर्स में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए इस आयोजन में अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली राष्ट्रीय महामंत्री रमेश चौरसिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीओम चौरसिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज चौरसिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीलाल चौरसिया, रविन्द्रनाथ चौरसिया (अध्यक्ष), जनवेद चौरसिया, गोविंद चौरसिया, प्रहलाद चौरसिया (कोषाध्यक्ष), महेश चौरसिया, मुकेश चौरसिया, राजेन्द्र चौरसिया, अमित चौरसिया, रामसिंह चौरसिया, कृष्ण कुमार चौरसिया, महिला पदाधिकारी सुनीता चौरसिया (अध्यक्ष), श्रीमती गीता चौरसिया (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), आशा चौरसिया, छाया स चौरसिया, भावना चौरसिया, श्रीमती सुनीता , अनीता चौरसिया, हेमलता चौरसिया, शांति, मीनू चौरसिया, नीतू चौरसिया, सरोजनी चौरसिया, डॉ. श्वेता चौरसिया, पूनम चौरसिया, पुष्पाजंली चौरसिया, डिम्पी चौ रसिया, छाया चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# भगवान पार्श्वनाथ के मोक्षकल्याण महोत्सव के अवसर पर निकली रैली



### तीर्थ बचाओ के संदेश को लेकर जैन समाज ने निकली जिन शासन प्रभावना बाईक रैली, तीर्थो की सुरक्षा के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा : आचार्यश्री सुबल सागर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जुलाई ।** धर्म बचाओ, तीर्थ मंदिर बचाओ ओर संत साध्वियों की सुरक्षा रक्षार्थ हेतु जिन शासन प्रभावना रैली निकाली गई। यह रैली 29 से 31 जुलाई तक त्रिदिवसीय जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्षकल्याण महोत्सव पर निकली गई। आज मंगलवार को जिन शासन प्रभावना बाईक रैली परमपूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में सकल जैन समाज ग्वालियर ओर सन्मति सुबल वर्षायोग समिति ग्वालियर के तत्वाधान में निकाली गई। इस रैली के समन्वयक भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 02 और आप और हम टीम ग्रेटर (जैन कमाण्डों) ग्वालियर के निर्देशन में निकली गई रैली में ग्वालियर के मुरार, उपनगर ग्वालियर, थाटीपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के जैन समाज के हजारों पुरुष, महिला, बालिकाएं सहित विभिन्न जैन संगठनों के तादात में जैन मंदिर ओर जैन तीर्थों पर हो रहे उपसर्ग पर रोकने के लिए जनशक्ति प्रदर्शन बाइक रैली निकाली।

**कार्यालय सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला कार्यालय श्योपुर ( म .प्र . )**

क्रमांक SHPLP02062500698/ दिनांक / 29/JUL/2025
क्र./1736 — दिनांक 29/JUL/2025

**म .प्र . नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 ( 3 ) सहपठित म .प्र . भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 ( 3 ) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Ashish Gupta)-Shri Sankalp Enterprises द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-

**( क ) परियोजना का नाम** :-Sukhdham Residency
( ख ) अवस्थिति ( अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक ) :- पूर्व स्वीकृत ग्राम Sheopur (og) तहसील Sheopur व जिला Sheopur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 544/1, 552 कुल रकबा 2.258 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
**( ग ) विकास का प्रयोजन** :-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL LAYOUT
**( घ ) स्वीकृति क्रमांक** :- SHPLP110423982 दिनांक 2023-04-21

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति / संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=EeSs97MAa11736 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**सहायक संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला श्योपुर ( म .प्र . )**

**नियम 92 ( 1 ) ( क ) ( ii )**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
**मध्यप्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

Ro क्र. 510 दिनांक 29/07/25 — **ई-निविदा** — दिनांक 29/07/2025

| क्र. | एन.आई.टी क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_439899_1 25.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 08 ग्रेषिम विहार कॉलोनी जुगल शर्मा के मकान से भारत पाल के मकान तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण। | 2 माह 1257659.87/- | 2000 9432.44/- | 26.08.2025 |
| 2. | 2025_UAD_440335_1 28.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 08 मॉडल कॉन्वेंट स्कूल के पीछे भजनलाल कुशवाह, रामविलास, सत्यवीर कुशवाह वाली गली में सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 2 माह 1040851.35/- | 2000 7806.38/- | 29.08.2025 |
| 3. | 2025_UAD_439862_1 25.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 8 अन्तर्गत गारमेन्ट पार्क के पास एस.एस. हॉस्पिटल के पीछे की गलियों में सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 2 माह 1174665.80/- | 2000 8810/- | 26.08.2025 |
| 4. | 2025_UAD_439880_1 25.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 15 अन्तर्गत विभिन्न मरम्मत कार्य। | 2 माह 8441325/- | 2000 8441.32/- | 11.08.2025 |
| 5. | 2025_UAD_439874_1 25.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 15 अन्तर्गत सी.सी. सड़क निर्माण कार्य श्री कृष्ण नगर राठौर वाली गली में कार्य। | 2 माह 993289.5/- | 2000 9932.89/- | 11.08.2025 |
| 6. | 2025_UAD_439866_1 25.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 15 अन्तर्गत सी.सी. सड़क निर्माण कार्य गोपाल नगर नहर पट्टर रोड। | 1 माह 888122.2875/- | 2000 8881.22/- | 11.08.2025 |
| 7. | 2025_UAD_440356_1 28.07.2025 | मौलिक निधि वार्ड 15 अन्तर्गत सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सूर्य विहार कॉलोनी गदाईपुरा। | 1 माह 823107.80/- | 2000 8231.078/- | 12.08.2025 |

**नोट** :-1. इच्छुक बोलीदाता बेवसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते हैं. 2. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है तो केवल बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा और समाचार पत्र में नहीं. 3. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर पालिक निगम, ग्वालियर में सम्पर्क करें.

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्वालियर विधानसभा**
**नगर निगम ग्वालियर**






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95